वर्ष 28 अंक 142
पृष्ठ 24
बरेली, गुरुवार
2 फरवरी 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

एमबीबीएस के छात्र–छात्राओं ने किया प्रदर्शन

जागरण संवाददाता, बरेली : सरकार द्वारा एमबीबीएस कोर्स पूरा करने के बाद डॉक्टर्स को एक्जिट एग्जाम की बाध्यता के विरोध बुधवार को जिले के सभी एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया। सुबह एसआरएमएस, रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज, राजश्री मेडिकल कॉलेज से छात्र-छात्राएं रैली निकालकर आइएमए परिसर में इकट्ठे हुए। वहां सभी ने जोरदार प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। दरअसल, एमबीबीएस के बाद एक्जिट एग्जाम को पास करने के बाद ही वे रजिस्ट्रेशन करा पाएंगे और प्रैक्टिस कर सकेंगे। इसके बाद ही पोस्ट ग्रेजुएट के एग्जाम दे पाएंगे। विरोध कर रहे छात्र-छात्राओं ने इस एग्जाम का विरोध किया। आइएमए के कार्यकारी अध्यक्ष डा. शरद अग्रवाल ने बताया कि सरकार के फैसले के खिलाफ आइएमए और सारे मेडिकल कॉलेज साथ आ गए हैं। पूरे देश में इसका विरोध होगा। धरना-प्रदर्शन के बाद डॉक्टरें के साथ छात्र-छात्राओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। इस दौरान डा. राजेश कक्कड़, डा. रवीश अग्रवाल, डा. अनूप आर्य, डा. रवि मेहरा, डा. विनोद पागरानी, डा. राजेश कुमार समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

डॉक्टरों व मेडिकल कॉलेजों के छात्रों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया